चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" का पालन

इस मौके पर प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

14.08.2024: रेलवे बोर्ड के निर्देश पर चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में आज 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" का पालन किया गया। इस अवसर पर तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र में डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की गई । इस मौके पर उक्त समय पर भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके संबंधित इतिहास का प्रदर्शन किया गया, जिसमे विभाजन के विभीषिका से जुड़ी स्मृति जानकारियों और तस्वीरों को डिजिटल स्वरूप में प्रदर्शित की गई। इस मौके पर सुरंजना एवं सुरोवाणी सांस्कृतिक दल के द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस प्रदर्शनी का परिदर्शन मुख्य अतिथि श्री हामिद अख्तर, कार्यवाहक महाप्रबंधक सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रधान विभागाध्यक्ष ,वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सेवा में ,<br>
संपादक महोदय/ जन - संपर्क विभाग<br>
चितरंजन रेलइंजन कारखाना<br>
द्वारा जारी.